खुलासा
पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही

# मंदिर में चोरी की घटना का आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार



**नवभारत,नरसिंहपुर।** दिनांक 19.04.2026 को प्रार्थी अनीस कौरव निवासी ग्राम डोंगरगांव द्वारा थाना डोंगरगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि विगत रात में किसी अज्ञात चोर के द्वारा ग्राम के खेड़ापति माता मंदिर में माता के सोने चांदी के जेवर तथा दान पत्र को तोड़कर उसे पैसे चुरा लिए है । प्रार्थी की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना डोंगरगांव में धारा 331(4), 305(D) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना डोंगरगांव क्षेत्र में मंदिर में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी गाडरवारा, ललित डांगुर के नेतृत्व में थाना डोगरगांव पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की शीघ्र पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अज्ञात चोर को तलाश कर चंद घंटों में किया गया गिरफ्तार थाना डोंगरगांव की विशेष टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपी की पहचान की गई। तत्पश्चात सघन तलाशी अभियान चलाकर आरोपी को घटना के चंद घंटों के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी नीतू उर्फ छुट्टन उर्फ मंजू रजक पिता बिहारी रजक उम्र 22 साल निवासी ग्राम डोंगरगांव जिला नरसिंहपुर। जप्ती आरोपी के कब्जे से चोरी गए सोने चांदी के जेवरात (कीमत लगभग 30,000/- करीब ) के, नगद राशि 1,900/- एवं घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड। वैधानिक कार्यवाही उक्त आरोपी को विरूद्ध धारा 331(4),305(D) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीवद्ध। कार्यवाही में सराहनीय भूमिका = थाना प्रभारी डोंगरगांव , उनि. प्रकाश पाठक, उनि बबीता पहाड़े, प्र आर प्रकाश द्विवेदी, सउनि शिशुपाल चौधरी आरक्षक रंजीत राजपूत, आरक्षक सोबरन ठाकुर, आरक्षक सोनू सतारे की सराहनीय भूमिका रही है।

## गौ-सेवा और नवाचार से बना प्रेरणादायक मॉडल

**नवभारत, नरसिंहपुर।** जहां समस्या होती है, वहीं समाधान भी जन्म लेता है- इस कहावत को नरसिंहपुर जिले ने साकार कर दिखाया है। जिस नरवाई (फसल अवशेष) को किसान पहले बेकार समझकर जला देते थे, वही आज जिले की गौशालाओं के लिए अमूल्य गो- ग्रास बन चुकी है। प्रशासन की दूरदर्शिता, युवाओं के नवाचार और किसानों के सहयोग ने मिलकर भूसा बैंक जैसी अनूठी पहल को जन्म दिया है, जो अब एक सफल मॉडल के रूप में उभर रही है। संकल्प से सिद्धि 13 मार्च को बना मील का पत्थर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि इस परिवर्तन की नींव 13 मार्च 2026 को रखी गई, जब बहोरीपार स्थित मुख्यमंत्री गौसेवा योजना गौशाला में 6 आधुनिक स्ट्रा-रीपर मशीनों को हरी झंडी दिखाई गई। यह पहल केवल मशीनों का संचालन नहीं, बल्कि गौवंश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम था। युवा शक्ति और तकनीक का संगम ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से त्रिनेत्री सेवा समिति डांगीढाना के युवाओं ने लॉटरी के जरिए 6 स्ट्रा-रीपर मशीनें खरीदीं। आज ये मशीनें प्रतिदिन लगभग 60 ट्रॉली भूसा तैयार कर रही हैं।

## आरटीआई से खुलेंगी परतें, एक बिंदु का बहाना या घोटाले पर पर्दा




**नवभारत,गाडरवारा।** ग्राम पंचायत कौड़ियां अब गंभीर सवालों के घेरे में है। सूचना के अधिकार (RTI) के तहत मांगी गई करोड़ों के विकास कार्यों की जानकारी देने से पंचायत ने साफ बचने की कोशिश की है। रजनीश कुमार कौरव द्वारा वर्ष 2021 से 2026 तक के सभी विकास कार्यों—सड़क, नाली, सीसी रोड, स्ट्रीट लाइट, शौचालय, जल व्यवस्था, सफाई, कर्मचारियों के भुगतान, ऑडिट रिपोर्ट, बिल-वाउचर और माप पुस्तिका (MB) जैसी अहम जानकारियां मांगी गई थीं। लेकिन पंचायत का जवाब चौंकाने वाला एक आवेदन में सिर्फ एक बिंदु पर ही जानकारी दी जा सकती है — यह कहकर जानकारी देने से इनकार कर दिया गया। बड़ा सवाल आखिर किस नियम में लिखा है कि RTI में सिर्फ एक ही बिंदु पूछा जा सकता है क्या छिपाया जा रहा है अगर सब कुछ पारदर्शी है तो पूरी जानकारी देने में डर क्यों नियमों का उल्लंघन बिना स्पष्ट शुल्क बताए, 3 दिन में पैसे जमा करने की चेतावनी देना क्या RTI अधिनियम 2005 की धारा 7(3) का उल्लंघन नहीं है आवेदक ने पंचायत से साफ कहा है— जिस नियम का हवाला दिया जा रहा है, उसकी प्रमाणित कॉपी दी जाए। प्रति पृष्ठ शुल्क और कुल राशि स्पष्ट बताई जाए गांव में अब चर्चा तेज है कि एक बिंदु का बहाना कहीं बड़े खेल को छिपाने की कोशिश तो नहीं अब मामला सिर्फ RTI का नहीं, बल्कि पारदर्शिता बनाम भ्रष्टाचार का बन चुका है। आने वाले समय में यह मुद्दा और गरमाने की संभावना है।

## अबोड स्कूल में नन्हे सितारों का दीक्षांत समारोह का आयोजन

**नवभारत,करेली।** ऊपर आसमान में झिलमिलाते सितारों से सजी रात और नीचे करेली नगर की शिक्षण संस्था द अबोड स्कूल ऑफ ड्रीम्स में अपने नन्हे कदमों से थिरकते खूबसूरत वेशभूषा में सजे धजे अपनी आगामी कक्षा उन्नयन का प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु उत्सुक नौनिहाल , ये नजारा था दीक्षांत समारोह के स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया ।कक्षाचत्त से उत्तीर्ण नन्हे बच्चों के लिए आयोजित इस समारोह में इन नन्हे सितारों की प्रतिभा निखरकर सामने आई । आसमान में सितारों की रौनक और नीचे कल के भावी सुयोग्य नागरिक, नन्हे प्रतिभाशाली सितारे और एक बहुत खूबसूरत शाम ने इस कार्यक्रम को बहुत भव्य, शानदार, यादगार बना दिया । मंचासीन अतिथियों में जिला नरसिंहपुर के एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस संदीप भूरिया ,नगर करेली के थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे और करेली तहसील सी एम ओ सहित अबोड स्कूल ऑफ ड्रीम्स के संस्थापक रहे। अतिथियों ने जब दीक्षांत समारोह की विशिष्ट वेशभूषा में सजे इन बच्चों को मंच पर उनके मेडल, प्रशस्ति पत्र, और रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित किया। रामायण के लघु प्रस्तुति ने दर्शकों का आकर्षण बल बना। अपने सार्थक सारगर्भित उदबोधन में आज की इस नई नन्ही पीढ़ी और उनके अभिभावकों को जागरूक करके ए एस पी संदीप भूरिया ने कहा कि ये पीढ़ी तकनीकी और बौद्धिक दक्षता से सराबोर अद्भुत क्रांतिकारी पीढी है, और आने वाली पीढ़ी अल्फा, और बीटा की होगी जिसकी सक्षमता अद्भुत होगी, पालकों, अभिभावकों, शिक्षकों को सोशल मीडिया के इन बढ़ते खतरों से बचाने , इन नन्हे पौधों को अपने स्नेह और अनुशासन से सींचने और पल्लवित करने की ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है ।



## शेख जुम्मन कुरैशी अपनी अहलिया अकीला के साथ हज यात्रा पर रवाना

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त शिक्षक जनाव शेख जुम्मन कुरैशी अपनी अहलिया अकीला कुरैशी के साथ हज यात्रा हेतु रवाना हुए। स्मरण रहे कि हज इस्लाम का पांचवां स्तंभ है। जिसमें साऊदी अरब के मक्का शरीफ एवं मदीना शरीफ में जाकर हज के खास अरकान किये जाते हैं। दुआयें मांगी जाती है। इस मुबारक मौके पर रवाना होने से पहले सभी परिजनों मित्रों नगर के प्रतिष्ठित जनों द्वारा पुष्पाहारों से स्वागत करते हुए विदाई दी गई। अल्लाह से उनके हज को आसान करने कुबूल करने की दुआयें मांगी गई।

## गेहूं खरीदी में सरकार पर धोखाधड़ी का आरोप, व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा उग्र आंदोलन




**नवभारत,सालीचौका।** मध्य प्रदेश किसान सभा के राज्य सहायक महासचिव जगदीश पटेल ने प्रदेश सरकार पर गेहूं खरीदी को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं पंजीयन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, लेकिन खरीदी व्यवस्था उसी अनुपात में नहीं बढ़ाई गई, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष प्रदेश में 19 लाख 4 हजार किसानों का पंजीयन हुआ है, जिनका कुल रकबा 41.58 लाख हेक्टेयर है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार किसानों और 6.65 लाख हेक्टेयर अधिक है। इसके बावजूद गेहूं खरीदी का लक्ष्य केवल 78 लाख मीट्रिक टन रखा गया है, जबकि पिछले वर्ष यह लक्ष्य 77 लाख मीट्रिक टन था। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा प्रति केंद्र प्रतिदिन 1500 क्विंटल खरीदी का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। किसान सभा के कार्यकर्ताओं द्वारा नरसिंहपुर जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें सालीचौका स्थित विनायक वेयरहाउस और रेवा श्री वेयरहाउस का दौरा किया गया। पटेल के अनुसार, विनायक वेयरहाउस का शुभारंभ 19 अप्रैल को किया गया, लेकिन 20 अप्रैल तक वहां वारदाना (बोरियों) की कमी के चलते एक भी क्विंटल गेहूं की खरीदी नहीं हो सकी। स्थिति यह है कि लगभग 100 ट्रैक्टर 17 अप्रैल से ही लाइन में खड़े हैं। वहीं, रेवा श्री वेयरहाउस में दो केंद्र संचालित हो रहे हैं, जहां 16 अप्रैल से खरीदी शुरू हो चुकी है और पर्याप्त वारदाना उपलब्ध है, इसके बावजूद 20 अप्रैल तक कुल मिलाकर केवल 1800 क्विंटल गेहूं ही खरीदा जा सका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर न खरीदने की प्रतीत हो रही है। खराब मौसम की आशंका के चलते कई किसानों ने मजबूरी में अपना गेहूं ओने-पौने दामों में व्यापारियों को बेच दिया, जबकि कई किसान अब भी खुले में अपनी फसल लेकर स्लॉट बुकिंग का इंतजार कर रहे हैं। पटेल ने यह भी बताया कि प्रदेश के लगभग 38 प्रतिशत किसान गिरदावरी न होने के कारण पंजीयन नहीं करा पाए, जबकि 62 प्रतिशत किसानों में भी गिरदावरी के आंकड़ों में विसंगति के चलते पूरा गेहूं बेच पाना संभव नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि स्लॉट बुकिंग लिंक को रात 11 बजे के बाद खोलकर सुबह बंद कर देना किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान करने जैसा है। उन्होंने मांग की कि खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए, किसानों के पूरे पंजीकृत गेहूं की खरीदी सुनिश्चित की जाए।




## आंगनवाड़ी केन्द्रों पर मनाया जा रहा पोषण पखवाड़ा

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों चांवरपाठा विकासखंड के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें गर्भवती महिलाओं किशोरी बालिकाओं एवं बच्चों को स्वस्थ और पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें संतुलित आहार स्वच्छता एनीमिया की रोकथाम एवं बच्चों के विकास को लेकर भरपूर आहार हरी सब्जियां दालें फल एवं अनाज के सेवन के बारे में बताया जा रहा है। वहीं गोदभराई कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर कार्यकर्ता तथा सहायिकाएं प्रमुख रुप से उपस्थित हो रहीं हैं।

### एक नजर में



## जनगणना के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जारी

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** जनगणना के अंतर्गत प्रगणकों सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कन्या विद्यालय परिसर में प्रभारी तहसीलदार इमरान मंजूरी की उपस्थिति में शुरू हुआ। जिसमें प्रशिक्षक रजनीश जैन मुहम्मद समीम कुरैशी प्रवेश पटेल दशरथ पटेल के द्वारा फील्ड ट्रेनर के रुप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



## विद्या पीठ में हुआ पूजन अर्चन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित सद्गुरु विद्या पीठ परिसर में भगवान परशुराम जी का प्रकटोत्सव महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नगर के सभी ब्राह्मण महासभा के सदस्यों ने अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए वैदिक रीति नीति के साथ पूजन अर्चन किया। कन्या पूजन किया गया तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। भगवान परशुराम जी के बारे में विद्वान पंडितों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## ग्रीष्मकालीन प्याऊ का शुभारंभ

**नवभारत,गाडरवारा।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जल हरियाली संस्था द्वारा गाडरवारा में पवन प्लाई हॉस्पिटल रोड पर ग्रीष्मकालीन प्याऊ का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था करना एक सराहनीय और मानवीय पहल है। इस पुनीत कार्य से न केवल लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी मजबूत होगी।

## रुसिया परिवार में शोक

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस समीपी ग्राम इमझिरा के प्रतिष्ठित रुसिया परिवार के सुनील रसिया सुशील रूसिया राजेश रूसिया (रूसिया ज्वेलर्स) की पूज्य माताजी की अचानक ह्रदय गति रुक जाने के कारण देहावसान हो गया है। जिन्हें क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

## गुनगुन आचार्य को सभी विषय में डिक्ट्रेंशन

**नवभारत,करेली।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 के घोषित परिणामों में गुनगुन आचार्य ने शानदार सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कुल 500 में से 425 अंक 85 प्रतिशत अर्जित कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपने विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। गुनगुन केदारनाथ, नलिनी आचार्य की सुपौत्री, नवीन आचार्य नम्रता आचार्य की सुपत्री एवं सचिन आचार्य की भतीजी है इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से परिजनों में हर्ष का माहौल है। गुनगुन आचार्य के पिता ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे मेहनत और लगन का परिणाम बताया। साथ ही शिक्षकों ने भी उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि गुनगुन ने एनसीसी ए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में भी भाग लिया तथा पर्यावरण शिक्षा एवं आपदा प्रबंधन में ए-प्लस ग्रेड प्राप्त किया है।



## अक्षय तृतीया पर श्री चैत्यालय जी में भव्य आयोजन, इक्षु रस वितरण

**नवभारत,गाडरवारा।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नगर के श्री तारण तरण जैन चैत्यालय जी में श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष आयोजन संपन्न हुआ। इस दिन को जैन धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसी तिथि से जुड़ी मान्यता के अनुसार प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने एक वर्ष के कठिन उपवास के पश्चात राजा श्रेयांस द्वारा प्रदान किए गए इक्षु रस (गन्ने के रस) से पारणा किया था। इसी परंपरा के अनुसार चैत्यालय में इस दिन को दान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम बाल ब्रह्मचारी भैया अपूर्वनन्द के सानिध्य में आयोजित हुआ, जिसमें मंदिर विधि, चंदन आरती और प्रभावना की गई। अपने प्रवचन में भैया अपूर्वनन्द ने अक्षय तृतीया के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए दान के चार प्रकारों का उल्लेख किया और उपस्थित श्रद्धालुओं को निरंतर आहार दान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर तारण समाज एवं वीर श्री महिला मंडल द्वारा चैत्यालय के सामने इक्षु रस (गन्ने का रस) का वितरण किया गया, जिससे श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया।

## सर्व ब्राह्मण महिला जागृति मंच ने किया मातृशक्ति का सम्मान




**नवभारत,साईंखेड़ा।** सर्व ब्राह्मण महिला जागृति मंच, साईंखेड़ा के तत्वावधान में दादा दरबार गढ़ी परिसर में एक भव्य वरिष्ठ महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विप्र समाज की बुजुर्ग महिलाओं का अभिनंदन कर उनके अनुभव और मार्गदर्शन को समाज की पूंजी बताया गया। परशुराम पूजन से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ आराध्य देव भगवान परशुराम जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात मंच की नवीन महिला कार्यकारिणी ने उपस्थित अतिथियों का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया।

समारोह के दौरान स्थानीय बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए, जिनकी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। वरिष्ठों का सम्मान और सशक्तिकरण का संकल्प समारोह के मुख्य चरण में विप्र समाज की वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने ब्राह्मण एकता और समाज के उत्थान में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास के लिए महिला सशक्तिकरण अनिवार्य है और ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने बुजुर्गों से संस्कार सीखने का अवसर मिलता है। इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति इस गौरवमयी आयोजन में प्रमुख रूप से अंजनी दास माता, क्षेत्र की पूर्व विधायक साधना स्थापक, रिचा स्थापक, पूजा तिवारी एवं कुमारी अंजू शुक्ला सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनके सहयोग से सफल रहा आयोजन कार्यक्रम की सफलता में नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसमें हेमलता शर्मा , आशा पाराशर ,रानी तिवारी, दीक्षा दीक्षित, गायत्री दुबे, अनुराधा बोहरे, वंदना बसेड़िया, संजुलता पाराशर, सोना बोहरे, पूर्णिमा शर्मा, अभिलाषा दुबे, कंचन शर्मा, दिव्या शर्मा, सरिता दीक्षित, राजकुमारी तिवारी, पूजा बसेड़िया, उमा दुबे और ऋचा तिवारी का विशेष योगदान रहा। आभार एवं प्रशंसा मंच का सफल संचालन भोलेश्वर बोहरे द्वारा किया गया।

# सरकार की नजर में सभी धर्मों के बेटा-बेटी समान : उदय प्रताप

## करेली में मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना का भव्य आयोजन



**नवभारत,करेली।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नवीन कृषि मंडी करेली में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। मंत्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार सभी धर्मों के बेटा-बेटियों को समान दृष्टि से देखते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे विवाह का आर्थिक बोझ कम हो सके। कार्यक्रम में कुल 200 जोड़ों का विवाह/निकाह विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मंच से प्रत्येक जोड़े को 49 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए, साथ ही विदाई स्वरूप 5100 रुपये भी प्रदान किए गए। मंत्री सिंह ने मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना समाज के लिए एक सराहनीय पहल है। उन्होंने बताया कि लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से बेटियों को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है और उन्हें निःशुल्क शिक्षा सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ तथा अतिथियों द्वारा पुष्प वर्षा कर बारातियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी नवविवाहित जोड़ों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।

### प्रत्येक जोड़े को उपहार दिया

मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन की ओर से भी प्रत्येक जोड़े को उपहार स्वरूप राशि प्रदान की गई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक महेन्द्र नागेश, कलेक्टर रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। अंत में मंत्री सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की और कहा कि सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी रहेगी।



## कौरव समाज का 22वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, 18 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**नवभारत,गाडरवारा।** नई गल्ला मंडी प्रांगण में कौरव समाज द्वारा 22वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गंगा पुत्र एवं कौरव समाज के आराध्य भीष्म पितामह के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस पावन अवसर पर विभिन्न ग्रामों एवं शहरों से आए 18 जोड़े पूरे रीति-रिवाज और वैदिक विधि के साथ परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में पारंपरिक संस्कृति और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कौरव सेवा समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष राव पवन सिंह, तेंदूखेड़ा विधायक मुलायम सिंह पटेल, राव अजेन्द्र सिंह, राव बीरेन्द्र सिंह, सुनीता पटेल, गौतम पटेल, मझले भैया, राहुल कौरव, मोना कौरव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सहयोग और परंपराओं के संरक्षण का एक उत्कृष्ट उदाहरण बना।